# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## अक्टूबर 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## निगम क्षेत्रान्तर्गत 02 अक्टूबर को होंगे विविध आयोजन, मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का भी होगा शुभारंभ

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत आने वाले जोन क्षेत्रों में दिनांक 02 अक्टूबर दिन बुधवार को 5 स्थल वार्ड 9 कोहका व्यायाम शाला के पास, वार्ड 17 वृन्दानगर शहरी स्वास्थ्य केन्द्र के पास, वार्ड 21 बैकुण्ठधम मंदिर के पास, वार्ड 28 छावनी मंगल बाजार सामुदायिक भवन तथा वार्ड 41 डुण्डेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में वार्ड कार्यालय का शुभारंभ किया जायेगा इनमें से वार्ड क्रमांक 17 वृंदानगर में प्रातः 7:30 बजे महापौर देवेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित होंगे। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समस्त जोन आयुक्तों को वार्ड कार्यालयों में आवश्यकतानुसार कुर्सी, टेबल, पेयजल, विद्युत आदि की व्यवस्था सुनिश्चत करने के निर्देश दिये हैं साथ ही आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड कार्यालय खोले जाने को लेकर स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ योजना के अन्तर्गत स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 17 वृंदानगर एवं वार्ड 38 राजेन्द्र नगर में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ किया जावेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर जाबो कार्यक्रम के तहत् प्रातः 10.30 बजे मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालयों में महात्मा गांधी जी के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण पश्चात उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ लिया जायेगा इसके साथ ही स्वच्छता ही सेवा के तहत् समस्त जोन क्षेत्रों में प्लास्टिक वेस्ट श्रमदान एवं स्वच्छता श्रमदान, स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 रैली का आयोजन, स्वच्छाग्राहियों का जोन स्तर पर सम्मान किया जावेगा।






# तिबंधित प्लास्टिक एवं कचरा मुक्त शहर बनाने के लिए हेमंत क्लीनअप मिशन के युवाओं ने की पहल

भिलाईनगर/शहर के विभिन्न स्थलों पर प्रतिबंधित पॉलिथीन/ प्लास्टिक आदि को घूम-घूम कर एकत्रित करने का बीड़ा अब निगम के सफाई कर्मियों के साथ-साथ हेमंत क्लीनअप मिशन के युवाओं ने भी उठा लिया है! नगर निगम भिलाई के सफाई कर्मचारियों द्वारा प्रतिदिन कचरे की सफाई की जाती है विभिन्न प्रकार के कचरे को एकत्रित करके कचरा पृथककीकरण केंद्र में भेजा जाता है जिसके पश्चात एसएलआरएम सेंटर के माध्यम से गीले कचरे का उपयोग खाद बनाने के लिए तथा सूखे कचरे को उनके वस्तु के आधार पर पृथक-पृथक किया जाता है! तथा निगम के माध्यम से इसे एक जगह जमा कर रहे हैं! इनकी टीम में हेमंत कुमार चंदेल, उर्वेश, रविंदर, पोषण, श्यामसुंदर, लोकेश्वरी एवं पुष्पेंद्र शामिल है! हेमंत कुमार चंदेल ने बताया कि नगर निगम भिलाई के द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन/प्लास्टिक के खिलाफ किए जा रहे प्रयास, शिक्षकों द्वारा दिया गया ज्ञान तथा विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से हमें प्रेरणा मिली है कि प्लास्टिक एवं पॉलीथिन हमारे शहर के लिए कितना घातक है हेमंत क्लीन ऑफ मिशन की टीम ने आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी से मुलाकात की आयुक्त महोदय ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को निर्देशित करते हुए कहा कि इन युवाओं के द्वारा किए जा रहे प्रशंसनीय कार्य के लिए निगम की ओर से हर संभव मदद करें तथा इन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर सम्मानित भी करें! आयुक्त ने इनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और कहा कि यह एक प्रेरणादायक कार्य है!



# अनुमति समाप्त होने के बाद भी मोबाइल टावर के लिए किए जा रहे निर्माण कार्य को कराया गया बंद

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 13 राजीव नगर में अनुमति लिए बगैर मोबाइल टावर के लिए खुदाई किए गए गड्ढे को मूल स्वरूप में तब्दील कर दिया गया साथ ही निगम के अधिकारियों ने मोबाइल टावर कंपनी को समझाइश दी कि बिना अनुमति प्राप्त किए कार्य न करें! उप अभियंता सुरेश केवलानी ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा शिकायत की गई थी कि वार्ड 13 राजीव नगर में टावर विजन कंपनी द्वारा टावर निर्माण करने के लिए गड्ढे खुदाई की गई है जिसकी अनुमति निगम से प्राप्त नहीं की गई है! जब अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किया गया व दस्तावेजों का परीक्षण किया गया तो निगम द्वारा दिए गए अनुमति की अवधि मार्च 2019 में समाप्त हो चुकी थी जिस पर निगम के अधिकारियों ने कार्यवाही की और निर्माण कार्य को बंद कराया! इसी प्रकार अवैध मोबाइल टावर के विरुद्ध निगम द्वारा समय-समय पर कार्यवाही की जाती रही है !नियमितीकरण कराने के लिए बार-बार पत्र प्रेषित किए जाने के बाद भी कुछ टावर कंपनियों द्वारा नियमितीकरण कराने में रुचि नहीं दिखाई जा रही है न हीं दस्तावेज एवं समझौता शुल्क जमा किया जा रहा है! दिनांक 6 जुलाई 2017 में वार्ड 27 दुर्गा मंच के समीप द्वितीय तल में भारती एयरटेल लिमिटेड द्वारा बिना अनुज्ञा के स्थापित मोबाइल टावर के सामग्रियों को जप्त किया गया था!



## मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का किया जा रहा है निराकरण, अब तक 61 आवेदन किए जा चुके हैं निराकृत

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का शुभारंभ गांधी जयंती के अवसर पर जोन के पांच स्थानों में 2 अक्टूबर से किया गया है। भिलाई निगम क्षेत्र के निवासियों को आपके सरकार आपके दुआरी की परिकल्पना को साकार करने निगम क्षेत्र के पांच स्थान वार्ड 17 वृंदानगर, वार्ड 9 कोहका, वार्ड 21 बैकुंठ धाम मंदिर के पास, वार्ड 28 मंगल बाजार सामुदायिक भवन तथा वार्ड 41 डूंडेरा आयुर्वेदिक अस्पताल के पास सामुदायिक भवन में मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें निगम के विभिन्न विभागों के अधिकारी/कर्मचारी, सहायक अभियंता, उप अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय में सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को प्रातः 9:00 बजे से 1:00 बजे तक उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर रहे हैं। सड़क व नाली संधारण, नवीन नल कनेक्शन, पाइप लाइन का लीकेज संधारण, गंदे पानी से संबंधित निराकरण, स्ट्रीट लाइट संधारण, निजी कार्य हेतु पानी टैंकर की बुकिंग, संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, यूजर चार्जेस, विविध कर शुल्क, सामुदायिक भवन आरक्षण, लाइसेंस व्यापार, अनुज्ञप्ति शुल्क एवं नवीनीकरण, नालियों की सफाई, कचरे के ढेर को हटाना, सी एण्ड डी वेस्ट को हटाना, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, सामुदायिक, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु वैक्यूम बुकिंग, मृत पशुओं का निपटान, आवारा पशुओं को हटाया जाना आदि से संबंधित आवेदन मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय मे जमा किए जा सकते हैं।



# प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 07 हितग्राहियों ने किया गृह प्रवेश

भिलाईनगर/ गांधी जयंती के अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना के द्वारा अंगीकार कार्यक्रम अंतर्गत संपादित किया गया जिसके तहत् अपना स्वयं के मकान का सपना देख रहे 7 हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम, भिलाई द्वारा गांधी जयंती के अवसर पर 63 हितग्राहियों के नवीन आवास एवं 72 हितग्राहियों के आवास निर्माण कार्य पूर्ण कराते हुए जियोटैगिंग किया गया। वार्ड क्रं. 28 के हितग्राही श्रीमती सुखो देवी, श्री राम रघु राय सिंह एवं रामश्री शर्मा वार्ड क्रमांक 29 के हितग्राही पीर मोहम्मद, श्रीमति बासमती देवी एवं श्री जोहन देवांगन, वार्ड क्रमांक 31 के श्री व्ही. वासुदेव के नवीन आवास पर श्रीफल एवं पौधा भेंट कर गृह प्रवेश का कार्यक्रम संपन्न कराया गया। नवीन डी.पी.आर. अंतर्गत स्वीकृत नेहरू नगर जोन क्रमांक 01 के कुल 32 हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा जारी करते हुए योजना का पूर्ण विवरण प्रस्तुत करने के साथ-साथ प्रोत्साहन देकर आवास निर्माण शीघ्र ही प्रारंभ करने कहा गया। आम्रपाली स्थित ए.एच.पी. आवास स्थल में अस्थाई रूप से निवासरत कुल 11 हितग्राहियों को उनके वास्तविक नवीन आवास में गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर कार्यपालन अभियंता एसपी साहू, सहायक अभियंता विनीता वर्मा एवं उप अभियंता जयंत शर्मा आदि उपस्थित थे!






## टैक्स जमा नहीं करने वाले नल कनेक्शनधारियों के नल कनेक्शन होंगे विच्छेद, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भिलाईनगर/अमृत मिशन योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा आज आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने ली जिसमें जल कार्य के अधिकारी/कर्मचारी, विद्‍युत विभाग के कार्यपालन अभियंता, जोन के अधिकारी/कर्मचारी एवं स्पैरो के कर्मचारी सम्मिलित हुए। अमृत मिशन शासन की महत्वपूर्ण योजना है जिसके कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए आयुक्त महोदय ने अधिकारी, कर्मचारियों को बैठक लेकर निर्देश दिए हैं। अवैध नल कनेक्शन को अमृत मिशन के अंतर्गत वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण करने की प्रक्रिया समस्त जोन क्षेत्र में जारी है ऐसे व्यक्ति जो अभी तक अवैध नल कनेक्शन को वैध कनेक्शन में परिवर्तित कर नियमितीकरण की कार्यवाही नहीं करा पाये हैं वे जोन कार्यालय में संपर्क कर करा सकते हैं। इसके साथ ही निगम क्षेत्र अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन एवं वाटर मीटर कनेक्शन लगाने का कार्य किया जा रहा है। श्री रघुवंशी ने स्पैरो द्‍वारा किए जा रहे टैक्स वसूली की जानकारी प्राप्त की तथा कहा कि नियमित रूप से नियमानुसार टैक्स वसूली करें एवं लक्ष्य के विरुद्ध शत् प्रतिशत वसूली हो इस बात का ध्यान रखें। आयुक्त महोदय ने 66 एमएलडी जल शोधन संयंत्र की प्रगति के बारे में जलकार्य विभाग के अधिकारियों से जानकारी ली तथा इंटरकनेक्शन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए साथ ही 66 एमएलडी से संबंधित जितने भी कार्य शेष है उन्हें शीघ्रता से पूर्ण करने कहा है।



# छठ पर्व की तैयारियों का महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने लिया जायजा

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रान्तर्गत छठ पूजा का त्योहार पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इसकी आवश्यक तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर निगम, भिलाई के महापौर देवेन्द्र यादव एवं आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में स्थित तालाबों जहां छठ पर्व के लिए पूजा, अर्चना किया जाना है का निरीक्षण किया। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने आज निगम क्षेत्र के लाल मैदान गणेश मंदिर के सामने तालाब हूडको, सेक्टर-07 कल्याण कालेज के सामने स्थित तालाब, सेक्टर-02 अयप्पा मंदिर स्थित तालाब, लक्ष्मण नगर तालाब, रामनगर मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब का निरीक्षण किया तथा आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने भी लक्ष्मण नगर तालाब, दर्री तालाब, बालकनाथ मंदिर स्थित तालाब, हाउसिंग बोर्ड स्थित तालाब, बैकुण्ठधाम तालाब, रामनगर मुक्तिधाम के सामने स्थित तालाब, सेक्टर-02 तालाब एवं सेक्टर-07 तालाब का निरीक्षण किया। महापौर एवं आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान तालाबांे की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर सफाई का पूर्ण हो चुका है वहां चुने से लाईनिंग कार्य करें तथा तालाब के नीचे उतरने के लिए बनाये गये सिढ़ियों की सफाई अच्छी तरह से करायें ताकि पूजा करने आने वाले श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



# सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले श्री मकसुदन ठाकुर पिता श्री महेन्द्र सिंह ठाकुर सहायक ग्रेड-03 सम्पदा विभाग, श्री जीवन लाल सेन पिता श्री संतराम चौकीदार जोन 02, श्रीमती जनता बाई पति श्री विष्णु प्रसाद मजदुर जोन 02 को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, पार्षद चुम्मन देशमुख, प्र. स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, प्र. शिक्षा अधिकारी वाय राजेन्द्र राव ने शाॅल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, एवं देय राशि का चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर सभापति ने कहा कि आप लोगों की कमी हमेशा रहेगी, अनुभवी लोगों की आवश्यकता सदैव होती है निचले स्तर के हर व्यक्ति तक आपकी पहचान है हम लोग हमेशा एक परिवार की तरह रहेंगे। पार्षद चुम्मन देशमुख ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों से कहा कि आप लोगों अपने सेवाकाल में अच्छा कार्य किया यह आपकी कार्य कुशलता को दर्शाता है आप लोगों के अनुभव की आवश्यकता सदैव निगम को रहेगी।




**Editorial Board**

श्री ऋतुराज रघुवंशी
आयुक्त
आई.ए.एस.
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई

**नगर पालिक निगम भिलाई**